लेस्टर में कोरोनावायरस

लेस्टर में कोरोनावायरस (कोविड -19) से संक्रमित लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है।

हम सभी को कोरोनावायरस को फैलने से रोकने में, अपने समुदाय और एन.एच.एस की रक्षा करने में मदद करने के लिए कार्यवाही करनी चाहिए।

अपने आप को और दूसरों को सुरक्षित रखने के लिए कृपया...

जितना हो सके घर पर रहें, केवल काम पर जाने या आवश्यक कामों के लिए ही घर से निकलें (जैसे भोजन की ख़रीददारी, दूसरों की देखभाल)

अपने घर के बाहर के लोगों से हर समय 2 मीटर की दूरी बनाए रखें

अपने हाथों को कम से कम 20 सेकंड तक नियमित रूप से धोएं या हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करें

सार्वजनिक परिवहन या कार्यस्थलों सहित किसी भी बंद-नुमा व भीड़-भरे सार्वजनिक स्थान पर हमेशा चेहरा ढंक कर रखें

कोरोनोवायरस सम्बंधित ताज़ी जानकारी leicester.gov.uk/coronavirus पर पाएं

परीक्षण करवाएं

यदि आपको कोरोनावायरस के लक्षण हैं या आप किसी ऐसे व्यक्ति से निकटीय संपर्क में हैं, जिसे लक्षण हैं, तो कृपया जल्द से जल्द जांच करवाएं।

याद रखें कि कोरोनावायरस के मुख्य लक्षण हैं:

तीव्र तापमान

लगातार जारी नई खांसी

सूंघने की क्षमता में कमी

स्वाद के अनुभव में कमी

अपना परीक्षण बुक करें:

ऑनलाइन nhs.uk/ask-for-a-coronavirus-test पर

फ़ोन मिला कर 119 पर

यदि जांच होने पर आप कोरोनावायरस से संक्रमित पाए जाते हैं, तो आपके लिए घर पर कम से कम 7 दिनों के लिए रहना अनिवार्य है और जिन लोगों के साथ आप रहते हैं, उन्हें 14 दिनों के लिए घर पर रहना चाहिए।